संख्या- 12/305/84-2-2013-सीपी 3/2005 टीसी

प्रेषक,

हरिश्चन्द्र,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

नियंत्रक,
विधिक माप विज्ञान विभाग, उ.प्र.,
7, बाला कदर रोड, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक : 9 सितम्बर, 2013

विषय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित "राज्य उपभोक्ता हेल्पलाइन की स्थापना" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-263/निविमावि-आठ(सा0) रा030है0/08, दिनांक 15-7-2013 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा समिति की बैठक दिनांक 12-7-2013 के कार्यवृत्त की प्रति उपलब्ध कराते हुए संस्तुति के अनुसार कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य उपभोक्ता हेल्पलाइन की स्थापना हेतु निविदा के अंतर्गत प्राप्त टेक्निकल एवं फाइनेंसियल बिड की दरें जो प्राप्त हुई हैं, उनमें सब से कम दर मेसर्स फ्यूचर स्टीक्स प्रा.लि., नोयडा की है। इस कम्पनी द्वारा 01 मैनेजर, 01 बेब मैनेजर, 05 काउंसलर, 01 सेक्टर इंचार्ज, 01 एकाउटेंट कम एडमिनिस्ट्रेटिव आफिसर, 01 आफिस असिस्टेंट के वार्षिक भुगतान हेतु धनराशि रूपये 19,32,000/- का टेण्डर डाला गया है। जबकि वित्तीय वर्ष 2011-12 में भारत सरकार द्वारा राज्य उपभोक्ता हेल्पलाइन की स्थापना हेतु रू0 27,60,000/- का अनुदान स्वीकृत किया गया है, जिसमें कार्मिकों (मजदूरी मद) के भुगतान हेतु रू0 6,00,000/- की व्यवस्था की गयी है, शेष धनराशि अन्य मदों यथा कार्यालय फर्नीचर, टेलीफोन पर व्यय, विज्ञापन, प्रशिक्षण हेतु यात्रा, कम्प्यूटर हार्डवेयर का क्रय आदि हेतु है। कार्मिक मद हेतु उपलब्ध करायी गयी धनराशि रू0 6,00,000/- के सापेक्ष रू0 19,32,000/- का भुगतान अत्यधिक है। अत: प्रदेश में राज्य उपभोक्ता हेल्पलाइन की स्थापना हेतु वित्तीय वर्ष 2011-12 में भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये मदवार अनुदान के सापेक्ष टेण्डर स्वीकार योग्य नहीं है । अत: इसे निरस्त करने का कष्ट करें।

3- कृपया समिति द्वारा प्रस्तावित किये गये अन्य विकल्प के दृष्टिगत राज्य उपभोक्ता हेल्पलाइन की स्थापना हेतु उ.प्र. पूर्वी दूरसंचार परिमण्डल, लखनऊ से प्रस्ताव प्राप्त कर उसका समुचित परीक्षण कर संस्तुति/आख्या सहित उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक- यथोक्त।

भवदीय,
(हरिश्चन्द्र)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in